# कबूतर वाज और थाने की भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ डी एम ने दिए एफ आई आर के आदेश

नबावगंज। शनिवार को तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने विदेश में अच्छी नौकरी लगवाए जाने के नाम पर लाखों रुपए ठगने वाले कबूतर वाज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के आदेश कोतवाल श्रवण कुमार सिंह को दिए हैं। एस एस पी सुशील चंद्रभान धुले के साथ साढ़े 11 बजे आयोजन में पहुंचे जिलाधिकारी के सामने ग्राम खिजरपुर के सलीम, रिहान, अशफाक, यासीन खां, शमशाद, इरफान खां, अली दाद खां, अमीरूल, शाहिद, आरिफ आदी ने शिकायती पत्र देकर ग्राम के कबूतर वाज आसिफ खां पर दुबई में अच्छी नौकरी लगवाए जाने के नाम पर प्रत्येक से एक लाख बीस हजार रुपए ऐंठकर दो माह के टूरिस्ट वीजा पर दुबई भेजने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कदी कार्यवाही की मांग की, जिस पर डी एम ने कबूतर बाज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश कोतवाल श्रवण कुमार सिंह को दिए। इसके साथ ही ग्राम विशनपुर के युवा नेता पुष्पेंद्र गंगवार ने अपने निकटवर्ती ग्राम धौरेरा में थाने के लिए छोड़ी गई ग्राम समाज की जमीन पर दबंगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे को हटवाए जाने की एक बार फिर गुहार लगाई जिस पर जिलाधिकारी ने एस डी एम और सी ओ को अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के साथ ही भूमि खाली कराए जाने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही पूर्व सांसद प्रतिनिधि राममोहन गंगवार ने ग्राम हरदुआ किफायतुल्ला में एक कालोनाइजर द्वारा सरकारी नाले की भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है, नाले पर कब्जा करने से कई ग्रामों का पानी अवरुद्ध हो जाएगा, जिस पर डी एम रवींद्र कुमार ने एस डी एम को जांच कर कार्यवाही के आदेश दिए हैं। ग्राम चुनुआं के मेवाराम द्वारा ग्राम के चकमार्ग पार वार वार दवंग द्वारा किए जा रहे कब्जे के मामले में भी डी एम ने कब्जे दार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के आदेश दिए हैं।



ग्राम पडरी समीप बरौर के सुरेंद्र पाल ने भी आज 12 वी वार चकरोड़ से कब्जा हटवाए जाने की गुहार लगाई जिस पर डी एम ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही भारतीय किसान यूनियन के चंद्र प्रकाश गंगवार, फतेहचंद, हरदेव सिंह, ओम प्रकाश आदि ने क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़वाकर गौ शाला भिजवाए जाने, कोल्हुओ पर जलाए जा रहे गंदे कपड़े और प्लास्टिक पर, जिससे प्रदूषण फैल रहा है पर तत्काल रोक लगाए जाने के साथ ही कस्बे में एक भी सार्वजानिक शौचालय न होने से होने वाली परेशानी को देखते हुए तत्काल ही जनहित में शौचालय बनवाए जाने, के साथ ही कस्बे के नाले पर किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटवाए जाने मांग की, जिस पर डी एम ने नगर पालिका के साथ ही वी डी ओ महेश चंद्र शाक्य को कार्यवाही के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही ग्राम ग्रेम के किसानों अमित, प्रेमपाल, योगेश कुमार, नन्द किशोर सहित दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को खुले तौर पर घूम रहे आवारा पशुओं से हो रही फसलों की बरबादी को देखते हुए तत्काल ही इन्हें गौ शाला भिजवाए जाने की मांग की जिस पर उन्होने खण्ड विकास अधिकारी महेश चंद्र शाक्य को कार्यवाही के आदेश दिए हैं। नवाबगंज एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, सचिव दुष्यंत कुमार, पूर्व अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार की अगुआई में अधिवक्ताओं का एक शिष्टमंडल डी एम से मिला, और उन्हें तहसील में वर्षो से लम्बित पढ़ी दाखिल खारिज की पत्रावलियों का निस्तारण न किए जाने ई परवाना जारी न किए जाने, वसीयत, विरासत, दान पत्रों के मामले में ई परवाना जारी न किए जाने, धारा 38 की पत्रावलियों में समय से रिपोर्ट न दिए जाने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की जिस पर डी एम ने एस डी एम नहने राम को कार्यवाही के आदेश दिए हैं। आयोजन में ग्राम रिछोला किफायतुल्ला के वली अहमद और मुन्ने ने मनरेगा का कार्ड होने के बाद भी तीन सालों से कोई भी मजदूरी कार्य न दिए जाने के साथ ही राशन कार्ड बनवाए जाने, ग्राम के रहीमुद्दीन ने राशन कार्ड बनवाए जाने की मांग की, जिस पर उन्होने जिला पूर्ति अधिकारी और वी डी ओ को कार्यवाही के आदेश दिए हैं। आयोजन में यशपाल गंगवार, गोपाल बहादुर, लीलाधर, बाबू राम, मोहन स्वरूप गंगवार आदि ने ग्राम इंधजागीर की वस्ती प्रकाश नगर में अभी तक विधुत पोल न लगाए जाने पर डी एम को दूसरी बार शिकायत की जिस पर उन्होंने विभाग के अधिशासी अभियंता को कार्यवाही के आदेश दिए। सभासद दरवेशवर सिंह ने नगर के वार्ड 4 में प्रस्ताव होने के बाद भी डूडा द्वारा अभी तक कोई रोड नाली का निर्माण न कराए जाने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया। आयोजन में करीब 154 शिकायतें दर्ज की गई जिनमें से 13 का मौके पर निराकरण किए जाने का दावा किया गया है। इसमें सी एम ओ डॉक्टर विश्राम सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी, डी पी आर ओ सहित अधिकांश जिला और तहसील स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। करीब डेढ घंटे तक रहने के बाद डी एम और एस एस पी महानगर रवाना हो गए।

## बोर्ड परीक्षा में सफलता हेतु विद्यार्थियों को दी गयी शुभकामनाएं



कुशीनगर। नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा हाटा विकास खण्ड के ग्राम सभा भठही बाबू स्थित जूनियर हाईस्कूल परिसर में रविवार को गांव के 10वीं व 12वीं के बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के साथ बैठक कर सफलता हेतु लेखनी भेंट कर शुभकामनाएं दी गई। संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने कहा कि ग्रामीणांचल में छुपी हुई प्रतिभा को निखारने व समाज के समक्ष लाने की जरूरत है। प्रदेश व जिले स्तर पर मेधावियों की सूची बनाकर उन्हें सम्मानित किया जाता है। इसी प्रकार संस्थान द्वारा ग्राम स्तर पर परीक्षा का परिणाम आने पर मेधावियों के सम्मान की योजना है जिसकी शुरूआत भठही बाबू से की जाएगी। ग्राम प्रधान सुभाष कान्दू ने कहा कि इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा रहेगी और सबका परीक्षा परिणाम अच्छा होगा। विद्यार्थियों को रामदास शर्मा, कमलेश मद्देशिया, राहुल गौतम, पेशकार गौड़, इंद्रमणि मद्देशिया ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सृष्टि मद्देशिया, आकांक्षा मद्देशिया, संगम मद्देशिया, काजल गिरी, मुस्कान मद्देशिया, सत्यम गौतम, शिवम गौतम, अभय कान्दू, सुमित विश्वकर्मा, काजल, रितिका, अराधना, अनुष्का, अरीशा, रागिनी, संजना, प्रीति, शिवांगी, निर्जला, आयुष, शैलेष, आर्यन, सूरज, अंकित आदि उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत राज अधिकारी ने ग्राम ढक्का ओर डगरोली का निरीक्षण





अमरोहा। जनपद अमरोहा की तेज तर्रार जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया जनपद विकासखंड हसनपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत ढक्का ओर डगरोली पहुंची। जहां उन्होंने ग्राम पंचायत में हुए कार्य को लेकर जांच पड़ताल की है। जिसके बाद जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया ने ग्राम पंचायत में पहुंचकर लोगों से ग्राम पंचायत का हाल जाना। अलग इस दौरान निरीक्षण में डीसी राजीव खान व वीडियो पंचायत अमित पांडे मौजूद रहे। इस दौरान ग्राम पंचायत ढाका ओडीएफ प्लस गांव हैं जिसके मंडल स्तरीय सत्यापन के लिए डी डी ने गांव पहुंचे थे। इस दौरान ग्राम पंचायत में पंचायत घर में आसपास गंदगी पाई गई। इसके बाद उप निदेशक ने कड़ाई नाराजगी व्यक्त की। इसके बाद उन्होंने अभिलेखों का निरीक्षण किया जिसमें टेंडर प्रक्रिया में कमी तथा फॉर्म के रजिस्ट्रेशन जैसी कमियां पाई गई। इस दौरान पंचायत सहायक द्वारा मात्र 12 सेवाएं दी गई। जिसमें बढ़ाने की निर्देश दिए हैं। इसी के साथ जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया ने ग्राम पंचायत में पंचायत घर के साफ सफाई शौचालय की मरम्मत व बाउंड्री वॉल करवाने के निर्देश दिए हैं। साथी और डीएफ के सत्यवान हेतु कर्मियों को ठीक करा कर सचिव व ग्राम प्रधान को 15 दिन पुन सत्यापन हेतु तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसी के साथ जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया ने ग्राम पंचायत डगरौली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत में हेड पंप की मरम्मत की प्रणाली ठीक नहीं पाई गई। साथ ही पंचायत सचिव विपिन यादव के कार्य में लापरवाही पाई गई। जिस पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्ति की है इसी के साथ उन्होंने पंचायत सचिव से ग्राम पंचायत में स्कूल टॉयलेट टाइल्स लगवाने के निर्देश दिए। इसी के साथ आरसी सेंटर में वर्मी कंपोस्ट डिजाइन ठीक नहीं पाई गई। इस दौरान उप निदेशक ने कंसल्टेंट इंजीनियर जवाब तलब करने आदेश जारी किए हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी किसी बड़ी कार्रवाई से ग्राम प्रधानो और पंचायत सचिवो में हड़का मच गया है।

## रोटरी क्लबःनिःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 207 मरीजों की हुई जांच



कसया, कुशीनगर। नगर के सिरसिया (बाबा साहेब आप्टे नगर) के जूनियर हाई स्कूल प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संगठन रोटरी क्लब कुशीनगर एवं राज आई हॉस्पिटल, गोरखपुर के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 207 मरीजों की जांच हुई। 59 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए। मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित मरीजों का इलाज एवं ऑपरेशन निःशुल्क रुप से राज आई हॉस्पिटल, गोरखपुर में कराया जाएगा, साथ ही मरीजों को वाहन की सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी। रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली ने बताया कि क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों के आंखों का निःशुल्क इलाज व चिन्हित मरीजों के ऑपरेशन में रोटरी की पूरी टीम हर संभव मदद करती रहेगी। इस अवसर पर रोटरी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार यादव, उपाध्यक्ष संदीप रौनियार, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुवेर्दी, पूर्व अध्यक्ष अनिल जायसवाल, संयुक्त कोषाध्यक्ष सदरे आलम, डॉ सुनील सिंह, राजाराम जायसवाल, सरवरे आलम (छोटे), लतीफ अंसारी एवं आदिल खान उपस्थित रहे। नेत्र जांच टीम में डॉ रेहान खान, डॉ ऋषि मौर्य, अंकित दूबे, हर्ष त्रिपाठी, शमशाद, श्री रामजानकी सेवा समिति के व्यास दूबे, व्यवस्थापक डॉ. संजय कुमार सिंह, लप्पू दुबे, मुन्ना सिंह, अखिलेश सिंह, रमेश पटेल, राधेश्याम यादव, आदर्श प्रताप सिंह, रामध्यान यादव, श्रवण वर्मा, रामकृपाल, अनिल, चंद्र प्रकाश, उमेश दुबे ने शिविर में सहयोगी भूमिका निभाई।

## प्रदेश मंत्री और जिला प्रभारी शकुंतला चौहान होंगी मुख्य अतिथि



कुशीनगर। भारतीय जनता पार्टी का शक्ति वंदन अभियान जिला कार्यशाला सोमवार 5 फरवरी को दोपहर 12:30 रविन्द्र नगर स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित किया गया है। जिसे बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री और जिला प्रभारी शकुंतला चौहान जी संबोधित करेंगी। जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय के हवाले से जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द ने बताया कि कार्यशाला में भारतीय जनता पार्टी के सांसद, विधायक, सदस्य विधान परिषद, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख, जिला अभियान टोली के सदस्य, विधानसभा अभियान संयोजक, मण्डल अभियान टोली, महिला मोर्चा जिला पदाधिकारी, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष भाग लेंगे। जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने बैठक में अपेक्षित सभी जनप्रतिनिधि तथा पदाधिकारीयों से समय से उपस्थित होकर कार्यशाला को सफल बनाने का आह्वान किया है।

## मेरठ से कूरकएजेंट गिरफ्तार, मॉस्को स्थित दूतावास में था



यूपी एटीएस ने रूस के भारतीय दूतावास में काम करने वाले कर्मचारी को मेरठ से अरेस्ट किया है। सत्येंद्र सिवाल का नाम का यह कर्मचारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम कर रहा था। सत्येंद्र 2021 से विदेश मंत्रालय में टळर यानी मल्टी टास्किंग स्टाफ के तौर पर काम कर रहा था। उसकी तैनाती मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास में है। मूलरूप से सत्येंद्र हापुड़ का रहने वाला है। एटीएस के मुताबिक पाकिस्तान की महिला हैंडलर ने सत्येंद्र से मिलने और गिफ्ट का लालच देकर पहले सत्येंद्र से उसके विभाग से जुड़ी जानकारी हासिल करनी शुरू की। इसके बाद उससे दूतावास में आने वाली भारतीय सेना से जुड़ी जानकारी मांगनी शुरू कर दी। हनी ट्रैप में फंसकर सत्येंद्र उसको कई अहम जानकारियां देता रहा। एटीएस सूत्रों ने बताया कि विदेश मंत्रालय में तैनात सत्येंद्र सिवाल क्रक की महिला एजेंट से पिछले साल संपर्क में आया था। इससे उसकी ऑनलाइन चैट के साथ वीडियो कॉलिंग शुरू हुई। हनी ट्रैप में फंसकर कई खुफिया जानकारी उसने शेयर कर दी। एटीएस ने बताया कि सत्येंद्र ने भारत से जुड़ी अहम सूचनाएं पाकिस्तान को दीं। वह पाक हैंडलर्स के संपर्क में था। एटीएस मेरठ यूनिट से पूछताछ में सत्येंद्र ने जासूसी की बात कबूल की है। एटीएस को उसके पास से दो मोबाइल, आधार कार्ड, पैन कार्ड व कुछ अन्य सामान बरामद हुआ है। यूपी एसटीएस के सीनियर अफसर उससे पूछताछ कर रहे हैं। एटीएस चीफ मोहित अग्रवाल ने बताया कि सत्येंद्र सिवाल इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मॉनिटरिंग के दौरान शक के घेरे में आया। एटीएस को इनपुट मिलने के बाद टीम एक्टिव हुई और सतेंद्र सिवाल पर नजर रखनी शुरू की। जब उसकी जासूसी को लेकर पुख्ता सबूत मिले तो उसे मेरठ में बुलाकर पूछताछ की।

## भाजपा का लोकसभा चुनाव में होगा पत्ता साफः बंटी राव



कसया, कुशीनगर। कसया विकास खण्ड के ग्राम धुरिया भाठ में समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित पीडीए चौपाल में वक्ताओं ने भाजपा की नीतियों की आलोचना की। कुशीनगर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी और लोकसभा कुशीनगर प्रभारी राजेश प्रताप राव उर्फ बंटी राव ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, भ्रष्टाचार, अपराध चरम पर है। खाद, बीज, नून, मसाला, गैस हर चीज का दाम बढ़ गया। सपा सरकार में 400 रुपये में मिलने वाला रसोई गैस सिलेंडर अब 11 रुपये में मिल रहा है। सपा सरकार में भी राशन फ्री मिल रहा था। यह कह रहे हैं फ्री दे रहे हैं। जबकि जनता को फ्री के नामपर धोखा दे रहे हैं। जनता त्रस्त है। भाजपा की नीतियों की कलई खुल गयी है। श्री राव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आम जनता का दर्द नहीं जानती है। मैंने जनता के दुःख, दर्द में हरदम साथ दिया है और आजीवन देता रहूंगा। बस मेरी अपील है कि नेता नहीं बेटा चुनें जो आप के विधानसभा, गांव, घर में रहे। उन्होंने कहा कि सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव के नेतृत्व में भाजपा का लोकसभा चुनाव में पत्ता साफ हो जाएगा। इसी क्रम में वक्ताओं ने सपा के शासन काल में किये गए कार्यों को गिनाया। इस दौरान यशवंत सिंह, मुन्ना शर्मा, सुनील वर्मा, संजय प्रसाद, जयप्रकाश यादव, महेश प्रसाद, भजन प्रसाद, बांसी प्रसाद, रामप्रीत प्रसाद, बिगू भारती सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सेमीखेडा चीनी मिल मे किसानों को उन्नतशील गन्ने की बुवाई को किया प्रेरित



उप गन्ना आयुक्त ने पर्यवेक्षण जिला गन्ना अधिकारियों को करने के दिये निर्देश। एक दिन नोकेन के बाद मिल मे पेराई हुए शुरू। देवरनियां। जिले की इकलौती किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेडा मे शनिवार को किसानों को अच्छी प्रजाति के गन्ने की बुवाई के प्रेरित कर 0238 गन्ने की बुवाई से बचने को कहा गया है। मिल प्रबंधन से जुडे अफसरों ने जीएम शादाब असलम खान और सीसीओ अमित कुमार चतुवेर्दी,ईडीपी कुमार मनीष के निर्देशन मे मिल यार्ड मे किसानों को बसंत कालीन गन्ने की बुवाई को उन्नतशील किस्मों की बुवाई करने को कहा गया। किसानों को बताया गया कि सीओ 0238 मे लाल रोग ( रेड राट) से ग्रसित होने और बीमारी लगने से इसकी बुवाई से बचने को कहा गया। कहा गया कि इसकी बुवाई से उन्हें और चीनी मिल दोनों को हानिकारक है। किसानों को सीओ बसंत कालीन गन्ने की बुवाई के लिए उन्नतशील किस्मों 15023, 0118,14201,13235,17231,8272 की बुवाई करने को कहा गया। और जलप्लावित के लिए 98014 की बुव करने को कहा गया। इधर उप गन्ना आयुक्त राजीव राय ने सभी जिला गन्ना अधिकारियों को पत्र जारी कर 0238 गन्ने के सम्बन्ध मे निर्देश जारी कर पर्यवेक्षण कराने को कहा गया है। इधर गन्ने के आभाव मे वृहस्पतिवार रात से नोकेन हुई सेमीखेडा चीनी मिल ने शुक्रवार रात से फिर पेराई शुरू कर दी है। मिल प्रबंधन का दावा है अब मिल नोकेन नहीं होगी मिल यार्ड मे गन्ना पर्याप्त है। बारिश की सम्भावना को देखते हुए आगामी दिनों की पर्चियों पर भी गन्ना तौल की जा रही है। जिला गन्ना अधिकारी यशपाल सिंह ने जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक जे एस भदौरिया, चीनी मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी एवं गन्ना पर्यवेक्षक के साथ मीटिंग की।

## संक्षिप्त डायरी

### योजनाएं गांव,गरीब व किसानों के लिए समर्पितः शेषनाथ मिश्र



कुशीनगर। फाजिलनगर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के चौरा मंडल अध्यक्ष शेषनाथ मिश्र ने गांव चलो अभियान की शुरूआत गांव बिशनपुरा से किया। श्री मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गांव को विकसित करने के लिए केंद्र सरकार की प्रत्येक योजना गांव गरीब और किसान के कल्याण लिए समर्पित है। गांव चलो अभियान के संयोजक अमिताभ मिश्र नें कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभार्थी को मिले यह हम सभी का प्रयास है।किन्हीं कारणों से कोई कठिनाई हो तो उसका निराकरण किया जाएगा।पिछड़ा मोर्चा के मंडल महामंत्री दिलीप यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार भारी बहुमत से प्रधानमंत्री बनाने के लिए लोगों में उत्साह दिख रहा है। इस दौरान प्रवासी राम इकबाल पांडेय, बरिष्ठ भाजपानेता महेंद्रनाथ उपाध्याय, कुलदीप ऊर्फ नुरज उपाध्याय, नीलेश उपाध्याय, आनंद उपाध्याय, सुरेश उपाध्याय, श्रीआधार उपाध्याय, रामनारायण उपाध्याय, सोनू उपाध्याय मौजूद रहे।

### एक ही फंदे पर लटके मिले प्रेमी-प्रेमिका के शव



अमरोहा में कक्षा-9 की नाबालिग छात्रा और प्रेमी का शव एक ही फंदे पर पेड़ से लटका मिला। दोनों 3 दिन से लापता थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्र अधिकारी धनोरा श्वेताभ भास्कर भी घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर मौजूद लड़के के घरवालों ने शव उठाने से इनकार कर दिया। पुलिस से नोक-झोंक भी हो गई। पुलिस ने दोनों के परिवार वालों को समझाकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। तनाव को देखते हुए प्रेमिका के घर पर पुलिस तैनात कर दी गई है। पूरा मामला थाना सैदनंगली क्षेत्र के गांव सैदरा मिलक का है। लड़के के परिवार वालों ने लड़की वालों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। लड़के के घरवालों का कहना है कि 4 दिन पहले लड़की वालों ने हम लोगों को बर्बाद करने की धमकी दी थी। दरअसल, गांव के रहने वाले राजू (21) का गांव की ही रहने वाली नाबालिग छात्रा से लंबे समय से अफेयर चल रहा था। लड़का घर की खेती में हाथ बंटाता था। अफेयर की जानकारी दोनों के परिवार वालों को हो गई थी। राजू के भाई मिलन ने बताया, ₹लड़की के घर वाले इस रिश्ते के खिलाफ थे। लड़की वालों ने एक हफ्ते पहले हम लोगों को बर्बाद करने की धमकी दी थी। उसके बाद शुक्रवार को घर के बाहर से अचानक मेरा भाई लापता हो गया था। उसकी चारपाई के नजदीक फोन, जूते, जैकेट पड़े मिले थे। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल रहा था। लड़की वालों ने उल्टा हम लोगों पर लड़की के अपहरण का केस दर्ज कराया था। आज सुबह घर से मात्र 300 मीटर की दूरी पर गांव के लोगों ने दोनों के शव आम में पेड़ पर लटके देखे। सूचना मिलते ही दोनों के परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। गांव के सैकड़ों लोगों की भीड़ लग गई। लड़के के परिवार वालों ने लड़की वालों पर हत्या का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। सैदनंगली थाना प्रभारी, हसनपुर कोतवाल भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। दोनों परिवार के लोगों से पूछताछ की। सैदनंगली थाना अध्यक्ष वरुण कुमार ने बताया,₹दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मृतक प्रेमी के खिलाफ शनिवार को अपहरण का मुकदमा प्रेमिका के परिजनों ने दर्ज कराया था। आज लड़के वाले लड़की वालों पर धमकाने का आरोप लगा रहे हैं। फिलहाल साक्ष्यों के आधार पर जांच चल रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### मेरी बेटी सुसाइड नहीं कर सकती, वह दूसरों को न्याय देती थी



बदायूं में महिला जज ज्योत्सना राय की मौत के मामले में उनके पिता अशोक कुमार राय ने बेटी की हत्या की ऋक्रफ दर्ज कराई है। पिता ने कहा, "मेरी बेटी ऐसा नहीं कर सकती। वह दूसरों को न्याय देती थी। उसने सुसाइड नहीं किया। उसे किसी ने मारकर लटका दिया है, ताकि यह सुसाइड लगे।" पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की ऋक्रफ की है। शनिवार सुबह 29 साल की महिला जज ज्योत्सना राय का शव उनके सरकारी आवास में पंखे के सहारे फंदे पर लटका मिला था। दरवाजा तोड़कर शव निकाला गया था। पास में ही उनका मोबाइल भी मिला था। इस आधार पर पुलिस का कहना था कि महिला जज ने सुसाइड किया है। ज्योत्सना बदायूं में जूनियर डिवीजन मुंसिफ मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात थीं। ज्योत्सना राय मऊ की रहने वाली थीं। बदायूं में दूसरी पोस्टिंग थीं। इससे पहले अयोध्या जिले में तैनात थीं। ज्योत्सना की शादी नहीं हुई थी। सरकारी आवास में अकेले रहती थीं। रढ आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि पिता की तहरीर पर हत्या का केस सदर कोतवाली में लिखा गया है। मामले की जांच जारी है, जो भी तथ्य सामने आएंगे। उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी। ज्योत्सना के पिता अशोक कुमार राय ने तहरीर में कहा, "मेरी बेटी सरकारी आवास में अकेले रहती थी। 2 फरवरी की रात को उसने अपनी मां से खुशी-खुशी बात की थी। वो आत्महत्या करेगी, इसकी कोई वजह नहीं है। मुझे शक है कि किसी ने मेरी बेटी को मारकर लटका दिया है। ज्योत्सना राय के भाई हिमांशु शेखर राय रेलवे में इंजीनियर हैं। पोस्टमॉर्टम हाउस के बाहर बदहवास बैठे हिमांशु ने कहा, "ज्योत्सना का घर का नाम जूही था। आज लखनऊ में वो मम्मी के साथ जमीन देखने जाने वाली थी।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# कराडवा, सनिया कनदे गांव में बिल्डरों ने नहर पर बना लिए मकान, कलेक्टर से शिकायत

**लैंड ग्रेबिंग एक्ट के तहत कार्रवाई और सरकारी जमीन हड़पने के घोटाले की सीट से जांच कराने की मांग**

**बिल्डरों ने नहरों और १८ मीटर सड़क पर अवैध कब्जा कर लिया**

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com



सूरत : सूरत शहर में सरकारी अधिकारी और कर्मचारी मानो आंखों पर पट्टी बांधकर काम कर रहे हैं। शहर के बाहरी इलाके चोर्यासी तालुका के कराडवा और सनिया कनदे गांवों के कर्मचारी मानो कुंभकर्ण की तरह गहरी नींद में सो गए हैं। क्योंकि इस इलाके में निजी बिल्डरों ने नहर की जमीन की प्लॉटिंग कर कई मकान बना लिये हैं। इस मामले में आज सूरत शहर कांग्रेस नेता असलम साइकिलवाला ने सूरत जिला कलेक्टर से शिकायत की।

कांग्रेस नेता असलम साइकिलवाला ने आज नहर को अवैध रूप से पाट देने के मामले में बिल्डरों के खिलाफ जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि उन्होंने एक साल पहले नहर विभाग को लिखित आवेदन दिया था। हालाँकि, ऐसे दबावों को दूर करने के बजाय, नहर विभाग के अधिकारियों ने केवल डेवलपर्स को नोटिस देकर अपना बालिश बचाव करने की कोशिश की।

असलम साइकिलवाला ने आरोप लगाया है कि चोर्यासी तालुका के कराडवा और सनिया कनदे गांवों में नहर विभाग की सरकारी जमीन पर निजी सोसायटी के डेवलपर्स द्वारा हजारों वर्ग मीटर जमीन हड़पने का घोटाला किया है। नहर विभाग के अधिकारियों ,सूडा के अधिकारियों, स्थानीय सरपंच और तलाटी और जल वितरण सहकारी समिति की मिलीभगत में नहर को पाटकर वहां पर मकान बनाए गए है।

सूरत शहर से सटे कराड़वा और सनिया कनदे गांवों में पिछले एक साल के दौरान सूडा के पास से कई निजी सोसायटी योजना का निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। इन सोसायटियों के डेवलपर्स द्वारा अपने अंतिम भूखंडों के पास सालों पुरानी नहरों और आसपास की १८ मीटर चौड़ी सड़क पर अवैध रूप से पाइप बिछाए गए हैं। जिसके कारण आसपास के क्षेत्रों में कृषि के लिए वरदान स्वरूप नहरें स्थायी रूप से बंद हो गई हैं।

सूरत शहर के पूर्व नगरसेवक असलम साइकिलवाला ने यह भी आरोप लगाया है कि सोसायटी के डेवलपर्स द्वारा नहर और उससे जुड़ी १८ मीटर सड़क पर अतिक्रमण करके भूमि का उपयोग व्यक्तिगत लाभ के लिए किया जा रहा है। नहर विभाग की करोड़ों की जमीन हड़पने के इस घोटाले में सरकारी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हैं। इसलिए इस मामले की जांच विशेष जांच शाखा से करायी जानी चाहिए।

सरकारी विभाग के बाबुओं और डेवलपर्स की मिलीभगत से चल रहे सरकारी जमीन हड़पने के घोटाले की सीट से जांच कराने और लैंड ग्रेबिंग एक्ट के तहत जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है।

# उधना में नवनिर्मित फैक्ट्री का स्लैब धड़ाम से सड़क पर गिरा, एक की मौत दो घायल

**सीसीटीवी फुटेज में दिखा की बाल-बाल बचा बाइक सवार बाइक छोडकर भाग निकला**

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com



सूरत शहर के उधना इलाके में एक नवनिर्मित औद्योगिक खाते का स्लैब गिर गया। खबर है कि इस हादसे में एक शख्स की मौत हो गई है। जबकि दो घायलों को उपचार के लिए न्यू सिविल अस्पताल पहुंचाया गया है।

शहर के उधना इलाके में एक चौंकाने वाली घटना घटी है। यहां एक औद्योगिक इकाई के निर्माण स्थल का स्लैब अचानक ढह गया है। इस घटना के बाद दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इनमें से एक की मौत होने की खबर है। दो घायलों को उपचार के लिए न्यू सिविल अस्पताल पहुंचाया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक उधना में लक्ष्मीनारायण इंडस्ट्रीज की एक फैक्ट्री में दु:खद घटना हुई है। यहां फैक्ट्री का स्लैब अचानक ढह गया। घटना की सूचना मिलते ही सूरत अग्निशमन विभाग का काफिला मौके पर पहुंचकर घायलों को बचाया गया।

इस बीच जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम चंदू सुमन सेमाडा पाया गया है। मृतक की उम्र ५० साल थी। घटना उस वक्त हुई जब मृतक और घायल औद्योगिक विभाग के निर्माण स्थल पर मजदूर के रूप में काम कर रहे थे। निर्माण स्थल पर गैलरी का स्लैब अचानक टूट गया।

दो मजदूर स्लैब सहित नीचे गिर गये। जबकि एक मजदूर स्लैब पर लटका हुआ था। फायर टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर फंसे हुए मजदूर को बाहर निकाला। नीचे गिरे दोनों मजदूरों को सिविल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन एक मजदूर चंदू की इलाज मिलने से पहले ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस का काफिला भी मौके पर पहुंच गया है। घटना कैसे हुई इसकी जांच की जा रही है। इस बीच सिविल अस्पताल में भी भीड़ उमड़ पड़ी है। घायलों को जल्द इलाज मिले इसके लिए डॉक्टरों की टीम ने प्रयास किया।

पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। फुटेज में देखा जा सकता है कि एक बाइक सवार सड़क से गुजर रहा है और अचानक नवनिर्मित फैक्ट्री का स्लैब धड़ाम से सड़क पर गिर जाता है। बाइक सवार बाल-बाल बच गया। इसमें दो मजदूर स्लैब के साथ औंधे मुंह गिरते नजर आ रहे हैं।

# १२वीं कक्षा के ब्रेनडेड छात्र के अंगदान से ४ लोगों को मिला नया जीवन

**१७ वर्षीय "तथागतपार्थ शाह" स्कूल जा रहे थे जब वाई जंक्शन के पास दुर्घटना हुई**

**"जीवनदीप ऑर्गन डोनेशन फाउंडेशन" के सहयोग से ४ लोगों की जिंदगी आसान हुई**

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत में १२वीं कक्षा के एक छात्र के साथ स्कूल जाते वक्त हादसा हो गया, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। मेडिकल टीम ने छात्र को ब्रेन डेड घोषित कर दिया और च्जीवनदीप ऑर्गन डोनेशन फाउंडेशनज्ज के सहयोग से छात्र का अंग दान किया गया। जिससे अंगविफलता से पिडित ४ लोगों को नया जीवन मिला।

जीवनदीप ऑर्गन डोनेशन फाउंडेशन के पीएम गोंडलिया और विपुल तलाविया के अनुसार, १७ वर्षीय तथागतपार्थ परशुराम शाह, जो रेलवे कॉलोनी में रहते हैं और डुमस रोड पर रायन इंटरनेशनल स्कूल में १२वीं कक्षा में पढ़ते हैं। १९ जनवरी को प्री-बोर्ड केमिस्ट्री परीक्षा में शामिल होने घर से स्कूल जाने निकले थे तभी सुबह ६ः५० बजे वाई जंक्शन के पास एक चार पहिया वाहन चालक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल इलाज के लिए पास के सनशाइन ग्लोबल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां से उन्हें आगे के इलाज के लिए अठवागेट के मेटास अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। अस्पताल में चिकित्सकों की टीम ने तथागतपार्थ को ब्रेन डेड घोषित कर दिया। परिवार के सदस्यों ने जीवनदीप ऑर्गन डोनेशन फाउंडेशन से संपर्क करने के बाद परिवार को अंगदान का महत्व समझाया।

परिवार ने अपने प्यारे बेटे के अंगदान का निर्णय लेकर मानवता का बड़ा काम किया। चूंकि तथागतपार्थ के पिता अंगदान के प्रति बहुत जागरूक थे, इसलिए यह निर्णय तुरंत लिया गया।

# दीवार गिरने से मजदूर की मौत के मामले में गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

**उधना पुलिस द्वारा गिरफ्तार प्लोट मालिक और ठेकेदार**

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com




सूरत शहर के उधना इलाके में औद्योगिक इकाई की तीसरी मंजिल के निर्माण के दौरान अचानक दीवार और स्लेब गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। उधना पुलिस ने पूरे घटनाक्रम में ठेकेदार और प्लॉट मालिक की घोर लापरवाही उजागर करते हुए दोनों खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया। बता दें कि इस घटना में तीन अन्य मजदूर भी घायल हो गये।

सूरत नगर निगम के उधना क्षेत्र में अवैध निर्माणों की बाढ़ आ गई है। अवैध निर्माण के पीछे अधिकारियों और बिल्डरों की मिलीभगत के कारण अवैध निर्माण धड़ल्ले से हो रहे हैं। जिसके पाप का शिकार निर्दोष लोग हो रहे हैं। ऐसा ही कुछ हुआ सूरत के उधना इलाके में। सूरत के उधना लक्ष्मीनारायण इंडस्ट्रीज में औद्योगिक इकाई की दूसरी और तीसरी मंजिल के निर्माण के दौरान अचानक चिनाई वाली दीवार स्लेब के साथ गिरने से चार मजदूर नीचे गिर गये। घटना में चंदू संगाड़ा नामक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें १०८ की मदद से इलाज के लिए सूरत न्यू सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज में मजदूर निर्माणाधिन दीवार से टकराकर गिरते हुए भी कैद हुए। इस पूरी घटना को लेकर उधना पुलिस ने एक घायल की शिकायत मिलने के बाद जांच शुरूकर दी है।

उधना पुलिस की प्रारंभिक जांच के मुताबिक, यह पूरा निर्माण ठेकेदार नीलेश परमार द्वारा कराया जा रहा था। इतना ही नहीं प्लॉट मालिक भूपेन्द्र सोलंकी द्वारा निर्माण का ठेका नीलेश परमार को दिया गया। चल रहे निर्माण कार्य के दौरान मजदूरों को बिना किसी सुरक्षा के कार्य कराया जा रहा था। इतना ही नहीं बल्कि यहां किसी भी तरह से श्रम कानून अधिनियमों का भी पालन नहीं किया गया।

**उधना पुलिस द्वारा प्लॉट मालिक और ठेकेदार को गिरफ्तार किया गया**

**घटना में प्लॉट मालिक और ठेकेदार जितना ही जिम्मेदार नगर निगम के अधिकारी भी हैं। ऐसे में इस पूरे घटनाक्रम में सूरत नगर निगम के संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करना जरूरी हो जाता है।**

पुलिस की प्रारंभिक जांच में ठेकेदार और प्लॉट मालिक की ओर से घोर लापरवाही सामने आने पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया था। उधना पुलिस ने इस अपराध में ठेकेदार नीलेश परमार और प्लॉट मालिक भूपेन्द्र सोलंकी को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच की जा रही है।

उधर, पुलिस जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि प्लाट मालिक भूपेन्द्र सोलंकी को एक माह पहले अवैध निर्माण को लेकर सूरत नगर निगम की ओर से नोटिस भी दिया गया था।

लेकिन फिर भी ये अवैध निर्माण जारी रखा गया। साथ ही भूपेन्द्र सोलंकी द्वारा केवल ग्राउंड प्लस वन फ्लोर के निर्माण की अनुमति ली गई थी। जिसके विरुद्ध यहा तीसरी मंजिल का निर्माण नियम विरुद्ध खड़ा किया गया था। जिसके कारण एक निर्दोष कर्मी इस त्रासदी का शिकार हो गया।

**सूरत नगर निगम के संबंधित विभाग के अधिकारी भी उतने ही जिम्मेदार हैं। क्योंकि यदि उस समय अवैध निर्माण किया जा रहा था तो नोटिस भेजने की बजाय यदि निर्माण रूकवा दिया गया होता तो यह हादसा होता ही नही । लेकिन सूरत नगर निगम के संबंधित विभाग के अधिकारी सिर्फ नोटिस जारी कर ही संतुष्ट हो जाते हैं और आखिरकार इसका शिकार निर्दोष कर्मचारी ही बने हैं।**

# एटीएम में लोगों की मदद करने के बहाने कार्ड बदलकर पैसे निकालने वाले दो गिरफ्तार

**आरोपियों के पास से ३० एटीएम कार्ड, एक बर्गमैन मोपेड, दो मोबाइल समेत १.३० लाख कीमत के सामान**

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com




उधना पुलिस ने सूरत शहर सहित जिले में एटीएम कार्ड धारकों को मदद के बहाने एटीएम कार्ड बदल लेने और पिन नंबर हासिल कर पैसे निकालने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में डिंडोली और पांडेसरा पुलिस थानों में दर्ज दो अपराधों की गुत्थी सुलझ गई है। जबकि अन्य अपराधों के सुलझने की संभावना के चलते पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया है और रिमांड लेने की कोशिश कर रही है।

आरोपी अपने मनोरंजन के लिए धोखाधड़ी कर रहे थे। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से ३० एटीएम कार्ड, एक बर्गमैन मोपेड, दो मोबाइल समेत १.३० लाख कीमत के सामान जब्त कर आगे की जांच की है। सूरत शहर में पिछले काफी समय से एटीएम से पैसे निकालने आए लोगों के साथ धोखाधड़ी की कई शिकायतें पुलिस रजिस्टर में दर्ज की गई थीं। एटीएम से पैसे निकालने आए कार्डधारकों की मदद करने के बहाने उनका एटीएम कार्ड बदल कर भाग लेते थे। बाद में एटीएम कार्ड लेकर दूसरी जगह चले जाते थे और एटीएम से पैसे निकाल लेते थे।

उधना पुलिस ने ऐसे ही एक गिरोह को पकड़ने में सफलता हासिल की है। यह गिरोह ठगी से मिले पैसों से मोज शौख के लिए महंगे मोबाइल और बर्गमैन मोपेड खरीदने का काम करता था। उधना पुलिस टीम के हत्थे चढ़े गिरोह के दो लोगों के पास से अलग-अलग बैंकों के ३० एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। जिससे यह बात सामने आई है कि वे शहर और जिले में अलग-अलग बैंकों के एटीएम से पैसे निकालने आने वाले लोगों से ठगी कर चुके हैं। ।

आरोपी अंकित उर्फ लल्ला यादव और ऋत्विक उर्फ भोलासिंह से पूछताछ में दो अपराध सामने आए, जिनमें डिंडोली और पांडेसरा पुलिस रजिस्टर में दर्ज अपराध भी शामिल हैं। आरोपियों ने अपने मजे पूरे करने के लिए उधना, डिंडोली, पांडेसरा, पलसाना समेत सूरत जिले में कई ऐसी वारदातों को अंजाम दिया है। गिरफ्तार आरोपी नशे के भी आदी हैं। इन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया

# अडाजण में देर रात बिल्डिंग की पार्किंग में खड़ी कार में लगी आग

**आग बुझाने पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम, आधी कार जलकर खाक**

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत के अडाजण इलाके में एक बिल्डिंग की पार्किंग में खड़ी कार में अचानक आग लग गई। कार के बोनट से धुआं निकलने के बाद अचानक कार में आग लग गई। हालांकि, दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया तब तक लेकिन कार का आधा हिस्सा जल गया।

अडाजण पाल इलाके में विशाल आर्केड की पार्किंग में खड़ी एक लग्जरी कार में अचानक आग लग गई। विशाल आर्केड की पार्किंग में खड़ी एक कार में देर रात आग लग गई। अचानक कार के बोनट से धुआं निकला और कुछ ही मिनटों में आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। अचानक बोनट से लगी आग पूरी कार में फैल गई और कार जलकर खाक हो गई।

घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग को दी और अडाजण अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। घटना के बाद दमकलकर्मियों ने पानी और फॉर्म का इस्तेमाल कर कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। हालाँकि, सौभाग्य से इस घटना में किसी की जान नहीं गई या घायल नहीं हुआ क्योंकि खड़ी कार में आग लग गई।